लोकसभा अध्यक्ष ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किए

...

बाबा साहेब का जीवन हमारे लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा: श्री ओम बिरला

...

नई दिल्ली, 14 अप्रैल, 2021: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने भारत रत्न, डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर आज अपने दिल्ली स्थित आवास में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इससे पहले दिए गए संदेश में श्री बिरला ने कहा :

“महान स्वतंत्रता सेनानी व भारतीय संविधान के शिल्पी 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

वे एक युगदृष्टा थे जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन ऐसे समतामूलक समाज की स्थापना को समर्पित किया, जिसका लक्ष्य देश की उन्नति, सर्वजन कल्याण हो।

बाबा साहेब शोषितों और वंचितों के अधिकारों की मुखर आवाज थे। उन्होंने देश को ऐसा संविधान देश को भेंट किया जो आज 70 वर्ष बाद भी हमारा सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शक है। उनका जीवन हमारे लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।"